दिनांक : 22.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से
प्रादेशिक समाचार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को पांचवीं किस्त जारी करेंगें सिरोही में आयोजित हो रहे इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में श्री शर्मा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को डीबीटी करेंगें किसान सम्मान निधि के तहत 65 लाख किसानों के बैंक खातों में 653 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जाएगीं वहीं 5 लाख किसानों को फसल खराबे का 327 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा दिया जाएगां

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट के तहत आयोजित होने वाले ग्राम उत्थान शिविरों का भी शुभारंभ करेंगें इन शिविरों का आयोजन कल से 9 फरवरी तक दो चरणों में गिरदावर सर्किल स्तर पर किया जाएगां प्रदेशभर में 2 हजार 839 शिविर लगाये जाएंगें इन शिविरों में कृषि उद्यानिकी, डेयरी, ऊर्जा और उद्योग सहित 12 विभाग भाग लेंगें ग्रामीणों को इन शिविरों की जानकारी देने के लिए आज विशेष ग्राम सभाओं का भी आयोजन किया जा रहा हैं

000

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया आज टोंक जिले के देवली पहुंचें श्री मांडविया साईएसएफ के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित प्रधान आरक्षकों की दीक्षांत परेड में भाग ले रहे हैं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मांडविया ने कहा कि देश का सबसे बड़ा औद्योगिक बल सीआईएसएफ महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को सुरक्षा प्रदान करता हैं इसके साथ ही आपदा प्रबंधन में भी अहम भूमिका निभाता हैं

....

000

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा का दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जा रहा हैं समारोह में वर्ष 2023–2024 की विभिन्न परीक्षाओं की 75 हजार से अधिक उपाधियों का वितरण किया जाएगां वहीं 90 उत्कृष्ट विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिये जाएंगें राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगें उपमुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा तथा महिला और बाल विकास राज्यमंत्री मंजू बाघमार भी कार्यक्रम में शामिल होंगीं

000

कोटा जिले के रामगंज मंडी में कल से गौ महोत्सव और श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा हैं इसमें देशभर से साधु संत और बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगें कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने महोत्सव की तैयारियों को लेकर मीडिया को जानकारी दीं उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का आयोजन रामगंज मंडी क्षेत्र के गुणदी गांव में किया जा रहा हैं

....

महोत्सव को देखते हुए आज से कोटा–झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर 25 जनवरी तक भारी वाहनों की आवाजाही बंद रहेगीं पुलिस प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं के लिए एवाइजरी जारी की गई हैं

000

देश में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान को आज 11 वर्ष पूरे हो गये हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नये रिकॉर्ड बना रही हैं और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं सुकन्या समृद्धि योजना को भी आज 11 साल पूरे हो गये हैं केन्द्र सरकार की इस योजना ने बालिकाओं को सुरक्षित भविष्य देने और उनके सशक्तिकरण में अहम योगदान दिया हैं

000